डाक-व्यय की पूर्व अदायगी के बिना डाक द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत. अनुमति-पत्र क्र. रायपुर-सी.जी.

पंजी क्रमांक रायपुर डिवीजन

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 38] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 21 सितम्बर 2001—भाद्र 30, शक 1923

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

संशोधन

उप-नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, रामानन्द शर्मा (दुबे) पिता श्री शिवकिशोर जाति दुबे ग्राम दुवगवां थाना मनगवां जिला रीवा (म. प्र.) का निवासी हूं. मैं अपना उप-नाम परिवर्तन कर रामानन्द दुबे पिता शिवकिशोर कर लिया है. अतः मुझे रामानन्द दुबे पिता शिवकिशोर के नाम से जाना व पहचाना जावे.

पुराना नाम
(रामानन्द शर्मा)
पिता श्री शिवकिशोर दुबे
ग्राम दुवगवां थाना मनगवां
जिला रीवा (म. प्र.)

नया नाम
(रामानन्द दुबे)
पिता श्री शिवकिशोर दुबे
ग्राम दुवगवां थाना मनगवां
जिला रीवा (म. प्र.)
वर्तमान पता अप. अनु. विभाग
पुलिस मुख्यालय, रायपुर (छ. ग.)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, सरायपाली

सरायपाली, दिनांक 29-6-2000

क्रमांक/क/476/अ.वि.अ./वां.-1/2000.—चूंकि अध्यक्ष युगल किशोर प्रधान वल्द रसिक एवं अन्य 14 ग्रामवासी तोरेसिंहा, तहसील-सरायपाली के द्वारा ग्राम तोरेसिंहा, तहसील-सरायपाली में स्थित श्री महादेव जी मंदिर एवं जगन्नाथ महाप्रभु ट्रस्ट तोरेसिंहा को सार्वजनिक ट्रस्ट बनाये जाने हेतु निवेदन किया है.

अतएव सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन-पत्र की सुनवाई दिनांक 18-7-2000 को इस न्यायालय में होगी.

यदि किसी व्यक्ति को ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में अभिरूची हो और इस ट्रस्ट के संबंध में कोई हस्तक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वह इस सूचना के एक माह के अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित मंतव्य दो प्रतियों में प्रस्तुत करें और नियत सुनवाई के दिन को स्वत: अपने वकील अथवा एजेण्ट के द्वारा उपस्थित होवें. निर्धारित तिथि समाप्त होने पर प्रस्तुत किये गये आक्षेपों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अमृत खलखो,
रजिस्ट्रार.

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं लोक न्यास, डौण्डीलोहारा

रा. प्र. क्र. 2/ब-113./ 2000-2001

डौण्डीलोहारा , दिनांक 6-1-2001

क्रमांक 17/अ.वि.अ./2001.—एतद्द्वारा सर्वसाधारण ग्राम डौण्डीलोहारा, प. ह. नं. 25 तहसील डौण्डीलोहारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक हस्तीमल जैन अध्यक्ष स्वेताम्बर मंदिर एवं श्री कुशलसुरी दादा बाड़ी ट्रस्ट डौण्डीलोहारा को पंजीबद्ध कराने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है. इस ट्रस्ट का उद्देश्य स्वेताम्बर मंदिर उपासरा दादाबाड़ी धर्मशाला, भोजनालय, चिकित्सालय, विद्यालय एवं महाविद्यालय इत्यादि का निर्माण करना एवं संचालन करना है.

इस ट्रस्ट को आवेदक द्वारा पंजीयन कराना चाहता है. जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपत्ति एवं कष्ट हो तो अपना आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 15-1-2001 तक प्रस्तुत कर सकता है. पेशी दिनांक 15-1-2001 के बाद प्रस्तुत करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

एस. आर. दिव्य,
अनुविभागीय अधिकारी.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2001.